# AGRADIANCE

"To Bring Together People of God"

For Private Circulation Only

AGRA ARCHDIOCESAN NEWS LETTER

JUNE-JULY 2022

St. John the Baptist : 24 June

St. Deyasahayam : 14 Jan

Newly Ordained Fr. Asime Beck with
the Abp. Dr. Raphy Manjaly
May 15, 2022, Katkahi, Gumla

# Archdiocese at a Glance

Abp. Raphy presenting inlay of Taj to the Holy Father

Jim blessed in Abp. House to keep the Fathers busy

Dn. Asime Beck is ordained a priest at his native parish

Jashn-e- Ruh-e- Pak!

Odissa C.M. Sri. Biju Patanaik – audience with Holy Father

Lend me your ears! Abp. to Seminarians

May Devotion-Rosary Month concluded, Night Vigil at Lower & Upper Padri Tola and Kutlupur (Agra) – All Laity initiative!

# Editorial

प्रिय मित्रों, अग्रेडियन्स का जून-जुलाई का अंक आपके हाथों में है। भीषण गर्मी के कारण जून-जुलाई में हम संयुक्तांक ही प्रकाशित करते हैं, कारण- एक तो महाधर्मप्रांत में कोई विशेष कार्यक्रम नहीं होता दूसरा अधिकांश जिम्मेदार लोग ग्रीष्मावकाश में होते हैं। इस कारण लेखों व समाचारों का अभाव रहता है। जैसे-जैसे करके पत्रिका छाप भी देते हैं तो कुछ लोग पत्रिका ले-जाने, बांटने की ज़हमत नहीं करते। आशा है कि प्रस्तुत अंक आपको पसन्द आयेगा। आप अपने विचार, आलोचनाएं आदि बेबाक होकर लिख सकते हैं।

गत माह संत पिता फ्रांसिस ने कईं संतों की घोषण की। उन्होंने भारतमाता के पुत्र देवासहायम पिल्लई को भी संत का पवित्र दर्जा प्रदान किया। कुछ दूषित मानसिकता वालों की जाति प्रथा की विकृत संस्कृति के चलते **'पिल्लई'** शब्द को वाटिकन को आखिरकार उनके नाम से हटाना ही पड़ा, क्योंकि 'पिल्लई' शब्द एक उच्चजाति का सूचक शब्द है। अब हम उन्हें संत देवासहायम के नाम से जानेंगे। संत देवासहायम नये-नये संत घोषित हुए हैं, उनके पास ज्यादा अर्ज़ियाँ नहीं पहुँची होंगी, इसलिए हम पूरे तन-मन से उनकी गुहार लगायें। कु. जिबी लुकोस उनके जीवन पर प्रकाश डाल रही हैं।

इसी कड़ी में संत पिता फ्रांसिस ने विगत माह 21 नये कार्डीनल नियुक्त किये हैं। कार्डीनल समाज से ही नया संत पिता चुना जाता है। इन नये कार्डीनलों में दो धरती पुत्र - अपनी भारतमाता के लाल भी हैं- गोवा-दमन और हैदराबाद के महाधर्माध्यक्षद्वय। कुछ भारतीय इस बात पर भी हर्ष मना रहे हैं कि हैदराबाद के महाधर्माध्यक्ष एन्थोनी पूला पहले दलित कार्डीनल हैं। वैसे मसीह में सब एक हैं- न कोई यहूदी है न कोई यूनानी, न कोई नया है और न कोई पुराना।

जून-जुलाई हमारे सर्किल में ट्रांसफर का समय होता है। प्रभु भी स्थानानंरित होकर अपने स्वर्गीय पिता के पास जा चुके हैं (स्वर्गारोहण) और उनकी जगह सत्य का आत्मा आ चुका है (पेन्तेकोस्त)। इसी क्रम में 5 जून को आगरा के समस्त गिरजाघरों ने मिलकर जश्ने-रूहे-पाक समारोह मनाया। स्थानीय समन्वयक डॉ. राजू थॉमस और उनकी कर्मठ टीम को हमारा शत-शत नमन्। ईश्वर को कोटि-कोटि धन्यवाद कि हमारे यहाँ स्थानान्तरण को लेकर कोई भाई-भतीजावाद नहीं चलता, अन्यथा हम भी साम-दाम, दण्ड-भेद का इस्तेमाल करके अपने प्रियों की अयोग्यता को दरकिनार करते हुए उन्हें महत्वपूर्ण पदों पर आसीन कर देते।

31 मई को हमारी बहुत से पल्लियों और मसीही कालोनियों में माता मरियम के आदर में माला विनती जाप, आराधना कार्यक्रम और रात्रि जागरण आयोजित किये गये। कुतलूपुर (सेंट मेरीज़ पल्ली, आगरा) की कु. अलका लुईस इस सम्बन्ध में हमारी विशेष बधाई की पात्र हैं। ऊपर और नीचे के पादरी टोला (क्रिश्चियन कालोनियों) में भी विशेष जलसों के अद्‌भुत समारोह आयोजित किये गये। काश! हमारे पुरोहित और धर्मसंघी भी इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेते।

फादर संतोष डीसा और उनकी अनुभवी टीम द्वारा पारिवारिक बाइबिल प्रश्नोत्तरी (3) के परिणाम और विजेताओं के नाम प्रकाशित किये जा रहे हैं। सभी विजेताओं को बधाई और बाकियों को सलाह, 'लगे रहो मुन्ना भाई/मुन्नी बहनों।'

उत्तर प्रदेश हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट बोर्ड में हमारी छात्राओं ने एक बार फिर बाज़ी मार ली है। सच ही कहा गया है- **''म्हारी छोरियां छोरों से कम नहीं हैं!''** बिना मेहनत किए पास हो जाने वाली छात्राओं को भी हमारी बधाई!

सिस्टर क्लेमेण्टीन (आर जे एम) अपना एक अनुभव हमारे साथ शेयर कर रही हैं। आप भी अपने खट्टे-मीठे अनुभव हमारे पाठकों के साथ बांट सकते हैं... आप बतायें, हम छापेंगे।

सेंट लॉरेन्स सेमीनेरी, आगरा में सभी छोटे-बड़े ब्रदर्स का विशेष ग्रीष्मकालीन शिविर समाप्ति पर है। दो बार क्रिकेट मैच भी खेले जा चुके हैं दोनों बार फादर्स को मुँह की खानी पड़ी है। नये शैक्षिक वर्ष में बम्पर संख्या में नये रंगरूटों के आगमन की उम्मीद की जा रही है। फादर रेक्टर बाँहे पसारे उनके आगमन की बाँट जोह रहे हैं, लेकिन किसी ने सलाह दी है **''डॉन्ट काउण्ट योर चिकिन, बिफोर दे आर हैच्ड!''**

अग्रेडियन्स परिवार अपनी सह-सम्पादिका श्रीमती निशी अगस्टीन को उनके पति श्री अगस्टिन विलियम के आकस्मिक निधन पर शोक संवदेना प्रकट करता है और उनकी आत्मशांति के लिए प्रार्थना करता है।

ख्रीस्त में आपका,

**फादर यूजिन मून लाज़रस** (कृते, अग्रेडियन्स परिवार)

# Shepherd's Voice

On June 23 we celebrate the Solemnity of the Nativity of John the Baptist. I take this opportunity to congratulate all those who have John the Baptist as their patron. He was an extraordinary saint and the celebration of his Jayanti itself is an extraordinary thing. For, in the Catholic Church the day of a saint's departure from the world is celebrated as his/her feast. The 'Jayanthi'of a saint is not celebrated. The exceptions are Jesus the incarnate Son of God, his most Holy Mother Mary and St. John the Baptist.

His birth took place due to a special intervention of God as he had to be the precursor of the Anointed One. He was born to Zechariah and Elizabeth in their old age when they had already given up the hope of ever having a child. His birth proves the axiom: God hears all our prayers and in his time he makes all things beautiful.

John was a prophet of extraordinary humility. At a time when people were doing everything possible to appear before the world bigger and greater than what they were, he had the humility to say that he was not worthy to untie the thong of the Messiah's sandal. At a time when people were dying to be in the limelight and were ready to trample on and even eliminate others to be on the top, he preferred to be a counter sign and said, "He must increase and I must decrease." A truly humble person is able to say, "I am what I am by the grace of God." Or, "The almighty has done great things for me." A truly humble person is able to accept gratefully his/her self as God's gift and is able to submit himself/herself to God's loving plans knowing fully well that they are better than one's own.

John was a prophet of exceptional courage. He was ready to denounce the Pharisees and Sadducees-powerful and influential groups in the then Jewish society-because they were hypocrites (Mt 23:15), blind leaders of the blind (Mt 15:14) and wicked in that their hearts were full of murder (Jn 8:37). He called them to repentance and warned them against God's judgement.

Inspired and strengthened by God's Holy Spirit he chastised the despotic King Herod and told him that it was not lawful for him to have his brother's wife (Mk 6:18). John is a glowing example for Christian courage which is the willingness to say and do the right thing regardless of the earthly cost.

Let the life and message of John the Baptist lead us to true repentance for our sins, help us love Jesus more and more and give us strength and courage to give witness to his mercy!

✠ **Raphy Manjaly**
(Archbishop of Agra)

# महाधर्माध्यक्ष का संदेश (संक्षिप्त रूप)

23 जून को हम संत योहन बपतिस्मादाता के जन्म का महोत्सव मनाते हैं। इस अवसर पर मैं उन सभी को बधाई देना चाहता हूँ, जो संत योहन बपतिस्मादाता को अपना संरक्षक संत मानते हैं। वह एक विशेष व्यक्ति थे। उनकी जन्म जयन्ती मनाना भी अपने आप में विशेष है। काथलिक कलीसिया किसी भी संत का पर्व (त्योहार) उनके इस दुनिया से जाने की तारीख (मृत्यु के दिन) को मनाती है। किसी भी संत की जयन्ती नहीं मनाई जाती है। ईश्वर के देहधारी पुत्र येसु, उसकी अति पवित्र माँ मरियम और संत योहन बपतिस्मादाता ही अपवाद मात्र है, जिनकी जयंतियाँ मनाई जाती हैं।

उनका जन्म भी ईश्वर के एक विशेष हस्तक्षेप (दखल) के कारण हुआ, क्योंकि उन्हें अपने पुत्र के आगे एक अग्रदूत को भेजना ही था, जो उसका मार्ग तैयार करे। वह अपने वृद्ध माता-पिता, एलिज़ाबेथ और ज़करिया की वृद्धावस्था की संतान था। उसका जन्म भी तब हुआ, जब माता-पिता दोनों की पुत्र-प्राप्ति की आशा क्षीण हो चुकी थी। ईश्वर हमारी करुण प्रार्थनाएं सुनता है और अपने समय और अपने दैवीय विधान के अनुसार सब कुछ सुन्दर बना देता है।

योहन विनम्रता का एक विशिष्ट भविष्यवक्ता था। उसने समस्त यहूदी जाति के साथ बड़ी विनम्रता के साथ यह स्वीकार किया था, कि वह न तो मसीह था, न एलियाह और न ही कोई नबी। इस प्रकार उसे समस्त यहूदी राष्ट्र का आदर और सम्मान प्राप्त था। उस समय जब लोग स्वयं को बड़ा और दूसरे से महान बनने की कोशिश कर रहे थे, तब योहन ने विनम्रतापूर्वक यह स्वीकार किया कि वह तो मसीह के जूतों के फीते खोलने योग्य भी नहीं था। उस समय जब लोग प्रकाश में आना चाहते थे, दूसरों का दमन कर रहे थे और यहाँ तक कि दूसरों को रास्ते से हटाने में भी नहीं झिझकते थे, तब योहन ने एक विरोधाभास प्रस्तुत किया और कहा, ''वह (प्रभु) बढ़े और मैं घटूँ।'' वास्तव में वह एक अत्यन्त मृदुल एवं विनम्र मनुष्य था, जो यह कह सकता था, ''मैं हूँ, जो हूँ, ईश्वर की अपार कृपा से।'' अथवा ''सर्वशक्तिमान ने मेरे लिए महान कार्य किए हैं।'' एक सच्चा विनीत व्यक्ति, जो कृतज्ञतापूर्वक अपने जीवन में ईश्वर की इच्छा/योजना को अपने लिए स्वीकार कर लेता है, क्योंकि उसे यह पूर्ण विश्वास था कि ईश्वर की योजना, उसकी अपनी व्यक्तिगत योजनाओं से कहीं बेहतर और उच्चकोटि की हैं।

योहन एक विशेष साहस से भरपूर नबी था। नबी ईश्वर की बात लोगों को बताता और उसकी योजनाओं को समझाता है। बालक सामुएल की तुलना में योहन ईश्वर की बात और उसकी मर्जी को समझता था। वह ईश्वर के सन्देश की घोषणा करने में जरा भी नहीं झिझका। वह फरीसियों और सदूकियों के शक्तिशाली और प्रभावशाली दलों का यहूदी समाज में बहिष्कार और परित्याग करने को तैयार था- क्योंकि वे ढोंगी थे (मत्ती 23:15), अन्धों के अन्धे नेता थे (मत्ती 15:14), उनके हृदय पाप से दूषित थे और मन में हत्या के विचार थे (योहन 8:37)। योहन उन्हें प्रायश्चित करने के लिए आह्वान करता है और ईश्वर के न्याय के प्रति सावधान करता है।

ईश्वर की पवित्र आत्मा से संचालित व शक्ति पाकर वह निरंकुश राजा हेरोद को चेतावनी देता है और उससे कहता है, कि ''यह उसके लिए उचित नहीं था, कि वह अपने भाई की पत्नी को रखे'' (मरकुस 6:18)। योहन ख्रीस्तीय साहस का एक चमकता दमकता उदाहरण है, जो सांसारिक ऐशो आराम की परवाह न करते हुए उचित समय पर उचित निर्णय लेने को तैयार रहता है।

योहन बपतिस्मादाता का जीवन और सन्देश हमें अपने पापों के लिए सच्चा पछतावा, येसु से अधिकाधिक प्रेम करने को प्रेरित करे। हमें शक्ति और साहस प्रदान करे कि हम उसकी कृपा की सच्ची साक्षी दे सकें।

प्रभु में आपका,

✠ **राफी मंजलि**

(महाधर्माध्यक्ष, आगरा महाधर्मप्रांत)

# MESSAGE OF HIS HOLINESS POPE FRANCIS FOR THE 56th WORLD DAY OF SOCIAL COMMUNICATIONS

## Listening with the ear of the heart

Dear brothers and sisters,

Last year we reflected on the need to "Come and See" in order to discover reality and be able to recount it beginning with experiencing events and meeting people. Continuing in this vein, I would now like to draw attention to another word , "listen", which is decisive in the grammar of communication and a condition for genuine dialogue.

In fact, we are losing the ability to listen to those in front of us, both in the normal course of everyday relationships and when debating the most important issues of civil life. At the same time, listening is undergoing an important new development in the field of communication and information through the various podcasts and audio messages available that serve to confirm that listening is still essential in human communication.

A respected doctor, accustomed to treating the wounds of the soul, was once asked what the greatest need of human beings is. He replied: "The boundless desire to be heard". A desire that often remains hidden, but that challenges anyone who is called upon to be an educator or formator, or who otherwise performs a communicative role: parents and teachers, pastors and pastoral workers, communication professionals and others who carry out social or political service.

**Listening with the ear of the heart**

From the pages of Scripture we learn that listening means not only the perception of sound, but is essentially linked to the dialogical relationship between God and humanity. "Shema' Israel - Hear, O Israel" (Dt 6:4), the opening words of the first commandment of the Torah, is continually reiterated in the Bible, to the point that Saint Paul would affirm that "faith comes through listening" (cf. Rom 10:17). The initiative, in fact, is God's, who speaks to us, and to whom we respond by listening to him. In the end, even this listening comes from his grace, as is the case with the newborn child who responds to the gaze and the voice of his or her mother and father. Among the five senses, the one favoured by God seems to be hearing, perhaps because it is less invasive, more discreet than sight, and therefore leaves the human being more free.

Listening corresponds to the humble style of God. It is the action that allows God to reveal himself as the One who, by speaking, creates man and woman in his image, and by listening recognizes them as his partners in dialogue. God loves humanity: that is why he addresses his word to them, and why he "inclines his ear" to listen to them.

On the contrary, human beings tend to flee the relationship, to turn their back and "close their ears" so they do not have to listen. The refusal to listen often ends up turning into aggression towards the other, as happened to those listening to the deacon

Stephen who, covering their ears, all turned on him at once (cf. Acts 7:57).

The Lord explicitly calls the human person to a covenant of love, so that they can fully become what they are: the image and likeness of God in his capacity to listen, to welcome, to give space to others. Fundamentally, listening is a dimension of love.

This is why Jesus calls his disciples to evaluate the quality of their listening. "Take heed then how you hear" (Lk 8:18): this is what he exhorts them to do after recounting the parable of the sower, making it understood that it is not enough simply to listen, but that it is necessary to listen well. Only those who receive the word with an "honest and good" heart and keep it faithfully bear the fruit of life and salvation (cf. Lk 8:15). It is only by paying attention to whom we listen, to what we listen, and to how we listen that we can grow in the art of communicating, the heart of which is not a theory or a technique, but the "openness of heart that makes closeness possible" (cf. Apostolic Exhortation Evangelii Gaudium, 171).

**Listening as a condition of good communication**

There is a kind of hearing that is not really listening, but its opposite: eavesdropping. In fact, eavesdropping and spying, exploiting others for our own interests, is an ever-present temptation that nowadays seems to have become more acute in the age of social networks.

The lack of listening, which we experience so often in daily life, is unfortunately also evident in public life, where, instead of listening to each other, we often "talk past one another". This is a symptom of the fact that, rather than seeking the true and the good, consensus is sought; rather than listening, one pays attention to the audience. Good communication, instead, does not try to impress the public with a soundbite, with the aim of ridiculing the other person, but pays attention to the reasons of the other person and tries to grasp the complexity of reality. It is sad when, even in the Church, ideological alignments are formed and listening disappears, leaving sterile opposition in its wake.

In reality, in many dialogues we do not communicate at all. We are simply waiting for the other person to finish speaking in order to impose our point of view. In these situations, as philosopher Abraham Kaplan notes, [3] dialogue is a duologue: a monologue in two voices. In true communication, however, the "I" and the "you" are both "moving out", reaching out to each other.

It is only by putting aside monologues that the harmony of voices that is the guarantee of true communication can be achieved. Listening to several sources, "not stopping at the first tavern" - as the experts in the field teach us - ensures the reliability and seriousness of the information we transmit. Listening to several voices, listening to each other, even in the Church, among brothers and sisters, allows us to exercise the art of discernment, which always appears as the ability to orient ourselves in a symphony of voices.

The ability to listen to society is more valuable than ever in this time wounded by the long pandemic. So much previously accumulated mistrust towards "official information" has also caused an "infodemic", within which the world of information is increasingly struggling to be credible and transparent. We need to lend an ear and listen profoundly, especially to the social unease heightened by the downturn or cessation of many economic activities.

The reality of forced migration is also a complex

issue, and no one has a ready-made prescription for solving it. I repeat that, in order to overcome prejudices about migrants and to melt the hardness of our hearts, we should try to listen to their stories. Give each of them a name and a story. Many good journalists already do this. And many others would like to do it, if only they could. Let us encourage them! Let us listen to these stories! Everyone would then be free to support the migration policies they deem most appropriate for their own country. But in any case, we would have before our eyes not numbers, not dangerous invaders, but the faces and stories, gazes, expectations and sufferings of real men and women to listen to.

**Listening to one another in the Church**

In the Church, too, there is a great need to listen to and to hear one another. It is the most precious and life-giving gift we can offer each other. "Christians have forgotten that the ministry of listening has been committed to them by him who is himself the great listener and whose work they should share. We should listen with the ears of God that we may speak the word of God" [4]. Thus, the Protestant theologian Dietrich Bonhoeffer reminds us that the first service we owe to others in communion consists in listening to them. Whoever does not know how to listen to his brother or sister will soon no longer be able to listen to God either. [5]

The most important task in pastoral activity is the "apostolate of the ear" - to listen before speaking, as the Apostle James exhorts: "Let every man be quick to hear, slow to speak" (1:19). Freely giving some of our own time to listen to people is the first act of charity.

**- Franciscus**

**Rome, Saint John Lateran, 24 Jan 2022,**
**Memorial of Saint Francis de Sales**

## मंज़िल करीब है!

थके हो, हारे हो, लेकिन रुकना नहीं
मंज़िल करीब है,
पतझड़ बीत गया अब
रैना करीब है,
निराशा आई है तो जानो
आशा करीब है,
लौ जली है जो उम्मीद की तो
धहकने के लिए
सफलता की आग करीब है,
जोश का गुबार उठे तो
हल करने के लिए सौ मुद्दे करीब हैं,
शोर सुनाई दे जहाँ से तो
मान लेना एक मजबूत आवाज़ करीब है,
जनता में हाहाकार सुनाई दे तो
जानो असंतुलित सत्ता करीब है,
रूढ़िवाद, परिवारवाद जैसे शब्द सुनाई दें तो
जानो अस्वस्थ सोच करीब है,
जहाँ धर्म आपस में बँटते दिखें तो
जानो अधिनायकवाद करीब है,
बस अब खत्म करे
राष्ट्र ने नवयुवकों को ये आवाज़ लगाई है,
और उपदेश की बात सुनाई है,
इस क्षण में ही तुम कुछ कर दिखलाओ
जो युवावस्था बीते तो, वृद्धावस्था करीब है।

**नैन्सी पाले, सेंट जॉन्स कॉलेज, आगरा**

# 'BROKEN to OPEN' - The Sacred Heart of Jesus

Prior to this, seldom did it happen that incessant prayers went unanswered, that I was left at the mercy of circumstances, that I had to let down all my guards, that I had nothing else but to surrender, **that my heart was totally broken!**

But now, in the most sensitive and endearing area of my life, I was left utterly helpless, hopeless, broken and wounded! **So much so that I keep wondering still, what good lesson does this heartbreak hold in store for me?**

One of our teachers was sobbing and sharing with me last week as to how she had been struggling with her heartaches while experiencing years of miscarriages and infertility.It is a hard mountain to climb. To desire and want a baby so badly that it reaches down into every aspect of your life, **replacing what should be joy with a deep longing.**We can understand what it means to want something so intensely that it consumes your thoughts. We know what it means to cry because you want to hold your baby and you can't- *not this side of heaven!*

She shared how she is having a lot of trouble being around people. She mentioned that she was with a group of friends recently and one of them announced that she was pregnant.**She said she fought the urge to get up and leave.** Of course she did!

Our Faith tells us to accept these pains, let go and surrender. But, of course, **acceptance and surrender is not something that happens overnight.** It is also something that does not happen during the happy times of our life. These lessons are learned through tears and heartaches;in times of loneliness, depression, anxiety and fear.

If I accept my helplessness in that specific area of my life, will I stop feeling this intense pain?If that teacher accepts her situation, will she be able to rejoice with her pregnant friend without wishing it was her? **I don't think so.** Of course, it would bring in a sense of peace, but it would be asking too much to completely erase these intense feelings. **Perhaps these intense feelings remain to be used by God.**

Paul talks about a thorn in his flesh and how he prayed three times that God would remove it. Now, remember who Paul was. He performed miracle after miracle. He witnessed the hand of God and the saving grace of Jesus a thousand times. **If anyone were to pray and achieve results, it would be Paul. Yet, God refused to take away that thorn in his flesh. Why?**

*"And he said to me, my grace is sufficient for you: for my strength is made perfect in weakness." (2 Corinthians 12:9)*

Is it possible that even a great man of faith like Paul had to be reminded that his strength comes from God and God alone?How often do I struggle on my own? **How often does my independent nature take over and try to instruct God rather than simply follow?** Don't I reject the pain in my life in an effort to remain secure in my own ways?

Yes, I would still feel twinges of pain. Like Paul's thorn, those twinges must remain because they would keep me constantly seeking out God's strength.Can I think of anything that would bring me closer to God than having such a strong need?

*May be our weaknesses remain*

*weaknesses, so that our strength lies in Him alone.*

**Grieve your weakness.** Whatever your weakness looks like, allow yourself to cry and experience the painful emotions necessary to heal.

**Don't underestimate the power of acceptance.** When we accept our hurt, we can go to God with it. *Remember,God has not forsaken you in your hurt.* He is simply standing by your side waiting for you. He cannot help you if you do not hand Him over your pain.

**Don't take it back.** Yes, the triggers will come. Yes, you will hurt, but leave it at the feet of Jesus. Don't take it back when the emotions sweep over you.

**Accept God's strength.** When you give your weakness to Jesus, he surrounds you with strength. Your weakness is then used for His glory. His light shines brighter through you. You can,then, reach out a hand to your neighbor and say, *"My God strengthened me, and He can strengthen you too!"*

Friends, only when we have trusted and broken our heart enough times, will we reach a point where we'll realize that loving and trusting God is not a game of defenses. 'Loving God' is a space where we have to drop all our guards. We can love Him freely, only if we are not afraid to have our hearts, BROKEN. **"You have to keep breaking your heart until it opens",** says Rumi, the great Sufi mystic.

As we celebrate the **feast of the Sacred Heart of Jesus,** that was brutally wounded and afflicted for love of each one of us, let's take a look at our struggles and make a decision, ***"Will we continue to struggle or will we allow this 'thorn' to bring us God's strength?"***

*I pray this takes each one of us, one step closer to learning how to embrace God's strength in our weakness and allow Him to use it for His glory! Amen!*

***Happy Feast of the Sacred Heart!***

**Sr. Rekha Punia, UMI**
Nirmala Provincialate, Greater Noida

# Pope announces 21 new Cardinals from around the world

Pope Francis announced 21 new Cardinals at a Consistory on Saturday, 27 August. They represent the Church worldwide, and reflect a wide variety of cultures, contexts and pastoral ministries.

At the conclusion of the Regina Coeli on Sunday, Pope Francis said that on Saturday, 27 August, he held a Consistory for the creation of new cardinals.

He also said that he would meet during the next two days - on Monday and Tuesday, 29-30 August - with all the cardinals to reflect on the new Apostolic Constitution Praedicate evangelium.

The College of Cardinals currently consists of 208 Cardinals, of whom 117 are electors and 91 non-electors. As of 27 August, the number will grow to 229 Cardinals, of whom 131 will be electors.

Eight of the newly named Cardinals are from Europe, six from Asia, two from Africa, one from North America, and four from Central and Latin America.

# परमेश्वर का प्रेम

परमेश्वर ने संसार से ऐसा प्रेम किया कि उसने अपना इकलौता पुत्र तक दे दिया ताकि जो कोई उस पर विश्वास करे, वह नष्ट न हो, परन्तु अनन्त जीवन पाए (यूहन्ना 3:16)

तब परमेश्वर ने मनुष्य को अपने स्वरूप के अनुसार उत्पन्न किया, अपने ही स्वरूप के अनुसार परमेश्वर ने उसको उत्पन्न किया, नर और नारी करके उसने मनुष्यों की सृष्टि की, और परमेश्वर ने उनको आशीष दी और उनसे कहा, ''फूलो-फलो और पृथ्वी पर भर जाओ, और उसको अपने वश में कर लो।'' (उत्पत्ति 27:28)।

परमेश्वर ने इस मनुष्य जाति से अपने दिलो-जाँ से मौहब्बत की कि वह अनन्त जीवन पाए और कभी नाश न हो और आशीर्वाद दिया कि फलो-फूलो और सारी पृथ्वी में भर जाओ। देखा जाए तो सारी सल्तनत का सुल्तान बना दिया कि सबको अपने वश में कर लो। विचार करें कि क्या हमने खुदा की बात का सदुपयोग किया। खुदा ने तो अपनी मौहब्बत में इस मनुष्य पर सब कुछ लुटा दिया और कहा, जो कुछ तुम मेरे नाम से मांगोगे, वही मैं करूँगा, ताकि पुत्र के द्वारा पिता की महिमा हो (यूहन्ना 14:13)।

जब प्रभु यीशु येरूसलेम में प्रवेश करते हैं तो लोग पुकार-पुकार कर कह रहे थे, दाऊद के वंशज की होसान्ना, धन्य है वह जो प्रभु के नाम पर आता है, आकाश में होसान्ना। जब यीशु ने येरूसालेम में प्रवेश किया तब सारे नगर में हलचल मच गई। लोग पूछने लगे कि यह कौन है? (मत्ती 21:9-10) लेकिन जब यीशु को पकड़वाया गया तथा तब सारे शिष्य भाग गये वह होसान्ना कहने वाले भी भाग गये, केवल चन्द महिला ही थीं जो अन्त तक यीशु के साथ हुए जुल्मों को देख रही थीं, क्या हम प्रभु से ऐसा ही प्रेम करते हैं जिसमें कपट और स्वार्थ मिश्रित है। जो पतरस प्रभु यीशु का तीन बार इंकार कर गया कि मैं इसे नहीं जानता हूँ, उसी पतरस से प्रभु पूछ रहे हैं, हे सिमोन यूहन्ना के पुत्र क्या तू इन शिष्यों से बढ़कर मुझसे प्रेम करता है? उसने यीशु से कहा, ''हाँ प्रभु आप तो जानते हैं कि मैं आप से प्रेम करता हूँ, यीशु ने कहा, मेरे मेमनो को चरा।'' (यूहन्ना 21:15)

अतीत का धुआँ वर्तमान के रोशनदान से कितना ही छनकर बाहर क्यों न निकल जाए उसका विषैलापन अदृश्य सा कहीं न कहीं मन के किसी कोने में परत-दर-परत उपस्थित रहता है। संसार में सबसे बोली जाने वाली भाषा प्रेम की ही भाषा है, जिसे पशु, पक्षी व प्रत्येक जीव भी समझते हैं। प्यार किसी भाषा या डिग्रियों का मोहताज नहीं है, प्यार किसी की उपस्थिति या अनुपस्थिति का भी मोहताज नहीं है, प्यार एक खुशबू है जो छिपाने से नहीं छिपती और बिना दिखाए भी दिखाई दे जाती है और बिना बोले भी सुनाई दे जाती है। क्या संसार ने प्रभु से ऐसा प्यार किया, नहीं किया, लेकिन प्रभु ने संसार से ऐसा प्यार किया। मनुष्य की आत्मा यहोवा का दीपक है, वह मन की सब बातों की खोज करता है। (नीतिवचन 20:27)

अतीत की खिड़कियों पर लगे जालों को हटाने के लिए संभावनाओं के धागे पर्याप्त नहीं होते, हौंसलों की लाठी और तरकीबों की दुनिया अपने दिमाग की छोटी सी पोटली में सहजनी पढ़ती है। हमारी उम्मीद की किरणें इतनी तेज़ होती हैं कि धुएं में भटकता हुआ शख्स भी धुएं के उस पार बहुत दूर तक एक लम्बे अंतराल के पश्चात पहुंचने में सफल हो जाता है, और वहां होता है एक खुला आसमान जो बांहे फैलाकर सुकून भरी जिंदगी में हमारा इन्तजार कोई करता होता है। परमेश्वर महान है वह बाहें फैलाकर हमारा इन्तजार कर रहा है।

**शेष पृष्ठ 11 पर**

# The Power of the Blood of Jesus

As Christians, we know about the blood, sing hymns about the blood, and remember it during communion. But how many of us truly know how deep its power runs, and all that it has provided for us? Even more important- how many of us use it and apply it in our lives every day? From Genesis to Revelation, the word the blood is kept before our eyes-a reminder of its importance and significance to God and to us. The sacrifices of Able, Noah and Isaac, and the Passover lamb, and the giving of the law all came to pass, but "not without blood". The blood symbolizes cleansing and purification-the settling of a matter. God is love. And the greatest expression of his love towards us is the blood of Jesus. That love covers every need man has had or ever will have, and every time we apply the blood, we experience an outpouring of this love. It is love, through the blood, that has created a barrier between you and all the works of the devil. Let's elevate the blood of Jesus to the same place in our hearts that it has in God's heart-and awaken in our spirits those powerful things the blood has procured for us. The power of the blood of Jesus has provided everything you need to live a life of victory, including redemption, fellowship, healing, protection and authority over the devil.

**Redemption through the Blood of Jesus:**

"We have redemption through His blood". - Eph 1:7

You know the story. Satan came to Adam's wife, Eve, in the form of a serpent and deceived her into disobeying God. Adam followed suit and did what Satan told him to do instead of obeying God. When he did that, he made Satan his Lord, in bowing his knee to Satan the illegitimate ruler of the earth. From that day on- everything changed. With one trespass, death was passed on to all men [Rom5; 12]. The earth and everything in it was suddenly cursed and man was separated from God by sin. Sounds unfixable, right?

**But God has a plan**

His plan of Redemption was the same as it was for Able, Moses and Noah-it would be through the shedding of blood. Such great redemption for all mankind. For eternity, could not be accomplished through the blood of just a goat or ram. Redemption of this magnitude required a much greater sacrifice-the blood of his son Jesus. The greatest thing the blood of Jesus accomplished was this it washed all sin away and made you clean and pure, white as snow. From the minute you receive Jesus as Lord of your life, God will not remember any past sin in your life. That's how powerful the blood is. **The best part?** You don't have to earn and pay for what has been provided on the cross. In fact, you couldn't earn it even if you tried. The best thing you can do is joyfully accept this free gift.

**Fellowship with God through the Blood of Jesus:**

Fellowship is closeness-a friendship. That's what we have with God, but it was bought with a price. Before Adam fell in the Garden of Eden, he had enjoyed friendship and fellowship with God. After Adam's fall, sin separated us from this precious fellowship and could only be restored through the blood of Jesus. Because of the power of the blood of Jesus, you can come boldly into the presence of god. The blood of

Jesus builds a mighty wall between sin and believers who have been made the righteousness of God through Jesus.

**Healing through the Blood of Jesus:**

"By His stripes we are healed." --- Is 53: 5

When you take communion do you think of healing? Most christens take the emblem of the blood and say, 'thank God, we are delivered from sin'. And that is true. Praise God for it he bore spiritual torment for our sins, mental distress for our worry, care sorrow and fear, as well as physical pain for our sickness and disease. The stripes He bore and the blood He shed were for our healing. If you need healing today, the blood of Jesus is free and without side effects. You don't need a prescription, you don't need an appointment, and you don't have to check with your insurance company. Jesus provided it all through the blood. You can appropriate the blood of Jesus today in the Holy Eucharist.

**Protection through the Blood of Jesus:**

In Exodus, after nine devastating plagues, pharaoh still refused to let God's people go. So, God sent a final plague one of judgment to "smite all the first born in the land of Egypt" [EX 12:12]. As sons of Adam, Satan knew the children of Israel had broken covenant with God and also due judgment. God could protect them, but "not without blood". They had a covenant relationship with God through Abraham, but they needed to stand in that covenant. They needed to choose the covenant over the curse. So, God instructed them to take the blood of the lamb and paint it on their doorposts. They did, and the angel of death passed them by. Was it really the blood of a lamb that stopped them from being killed? No it was the blood of the lamb {JESUS} who was slain from the foundation of the world. The blood of the lamb is inexhaustible and never ending. It is an unlimited supply. When we apply the blood of Jesus to the doorposts of our lives in faith, we access the power to defeat every part of the curse that tries to take residence. When you speak the name of Jesus in the face of sickness, disease or danger, the blood of the lamb is behind it, and you are protected.

**Prayer:**

Lord Jesus, by faith in your merits, I now take your precious blood and sprinkle it over myself and my family right from the crown of my head to the very soles of my feet. I claim total and complete protection for my life and my family. Lord JESUS, keep me free today from evil, sin temptation, Satan's attacks and afflictions, fear of darkness, fear of man, sickness, diseases, doubts, anger, all calamities and from all that is not of thy kingdom. AMEN.

**- Sr. Shalini, Satyaseva Sister,**
**St. Peter's College Campus, Agra**

**पृष्ठ 9 का शेष**

जब एलीशा मर गया और उसे मिट्टी दे दी गई। एक वर्ष के बाद मोआब के दल देश में आए, लोग किसी मनुष्य को मिट्टी दे रहे थे, कि एक दल उन्हें दिखाई पड़ा, तब उन्होंने उस लोथ को एलीशा की कब्र में डाल दिया। एलीशा की हड्डियों को छूते ही वह जी उठा और अपने पांवों के बल खड़ा हो गया (2 राजा 13:20) उन्होंने तो उस लोथ को घबराकर एलीशा की कब्र में डाला था लेकिन परमेश्वर हमारे साथ ऐसे ही चमत्कार करता है जिसे हम अनजाने में समझ नहीं पाते हैं। परमेश्वर हमसे बहुत मौहब्बत करता है। वह उम्मीद करता है कि हम उसकी मौहब्बत को पहचानें और विश्वास करें। प्रभु अपने स्नेह की सुगन्ध से महकता हुआ मेरा कोमल हृदय आपकी उपस्थिति का आकांक्षी है। कृपया पधारकर शुभाशीष प्रदान कर आलोकित करें।

**— एस.बी. सैमुअल, केन्द्रीय विद्यालय, आगरा**

# सौ दिन चले – अढ़ाई कोस —निशी अगस्टीन

हम तो सौ दिन क्या हजारों दिन से यूँ ही चल रहे हैं प्रभु येसु के समय में ही उनके सैंकड़ों अनुयायी यानि ईसाई बन चुके थे। उनके अनुयायियों की बढ़ती संख्या ही तो क्रूस पर उनकी मृत्यु का कारण बनी थी। सांसारिक दृष्टि से देखें तो उनकी मृत्यु की भविष्यवाणी तो उनके जन्म से सात सौ वर्ष पहले ही यशायाह नबी द्वारा हो चुकी थी। खैर मैं यहाँ बात कर रही हूँ सौ दिन चलने की। इस प्रचलित मुहावरे का अर्थ है– साधन सम्पन्न होते हुए भी वहीं के वहीं रहना, उत्तरोत्तर विकास न करना, या धीमी गति से कार्य पालन।

जी हाँ! हम मसीहियों पर यह मुहावरा एकदम सटीक बैठता है, क्योंकि हम बचपन से ही चर्च और घर में प्रभु येसु की शिक्षाओं को सुनते आ रहे हैं; कलीसिया भी समय–समय पर योग्य वक्ताओं को बुला कर प्रार्थना सभा का आयोजन करती आ रही है। चर्च की भी सभी इकाईयों में बहुत से धार्मिक क्रिया–कलाप होते रहते हैं। सेमिनार, आत्मिक जागृति सभा, उत्सव, पर्व, गोष्ठियाँ प्रभु येसु के वचनों का प्रचार–प्रसार कर रहे हैं। लेकिन अफसोस हमने प्रभु वचनों को, उनकी शिक्षा को अपने जीवन में कहाँ तक आत्मसात किया है? चर्च के अन्दर प्रार्थना सभा के दौरान हम एक दूसरे को शान्ति का अभिवादन करते हैं और चर्च के बाहर आकर? जरा सोचिए, क्या यह सच नहीं है कि बाहर आकर एक दूसरे का हालचाल पूछने की भी ज़हमत नहीं उठाते हैं। हाँ देर तक केवल उन्हीं से बतियाते हैं जो हमारी पहचान के दायरे में हों। स्वयं पुरोहितगण, धर्मसंघी भी चर्च छूटते ही उन्हें भी न जाने किस बात की जल्दी है, शीघ्रता से वे प्रस्थान कर जाते हैं? किसी का दु:ख–दर्द सुनने का शायद उनके पास समय नहीं है? कुछ अपनी कहो – कुछ हमारी सुनो, ये बात कहाँ हम सब में। हम भी कहाँ उनकी व्यथा सुनते हैं, उनके जीवन में भी तो समस्याएं होंगी? हम तो बस अपने ही ग्रुप में हँसते मुस्कराते, शोकित होते हैं। हम मिलते हैं तो बस अपने ही क्षेत्र, प्रान्त के लोगों से, अपने पहचान वालों से।

चर्च के बाहर मैं अक्सर देखती हूँ। बस्ती, कम्पाउण्ड का ग्रुप अलग, साउथ क्षेत्र का ग्रुप अलग, बिहार– झारखण्ड, मराठी दल अलग, यू.पी. का झुण्ड अलग और हमारे नए मेहमान गैर ख्रीस्तीय जिनकी संख्या में चर्च में बढ़ती जा रही है (शुभ संकेत) अलग–थलग खड़ा बस चारों ओर के माहौल में सकुचाया सा खड़ा रहता है और तो और अंग्रेजी भाषी अलग, हिन्दी भाषी अपने समूह में। अति आधुनिक गर्दन ऊँची किए अलग तो गरीब तबके के सहमे से अलग– आखिर ये कैसा वचन पालन कर रहे हैं हम? हम पड़ोसी प्रेम कैसे निबाहेंगे? क्या हम केवल चर्च मेम्बर ही बने रहेंगे आखिर मसीही कब बनेंगे? जब हम सब मसीह में एक हैं तो फिर ये दूरी क्यों? हम एक दूसरे के नाम, आवास तक का पता नहीं जानते। फिर कैसे कहेंगे कि वे हमारे ही भाई–बहिन हैं? किसी का एक दूसरे के घर आना–जाना नहीं है, शायद हम ही पाहुनों का स्वागत करने में उदासीन हैं?

बड़ा दु:ख हुआ अभी कुछ समय पहले हमारे ही बीच से एक विश्वासी खुदा के पास चला गया और उसकी अन्तिम मिस्सा तथा शवयात्रा में मुश्किल से सात आठ जन ही थे; महिलाएं एक भी नहीं... क्या वह जाने वाला हमारा मसीह भाई नहीं था? हाँ वह गरीब और बीमार–शराबी था तो क्या? हमारे आसपास क्या आठ दस विश्वासी ही रहते हैं? संसार से रुखसत होते समय तो सब बराबर होते हैं फिर किसी अमीर/वी.आई.पी. की मृत्यु पर चर्च में इतनी भीड़ कहाँ से आ जाती है?

**शेष पृष्ठ 16 पर**

# Online Shopping: An Ethics E-loyalty

**Introduction:**

Quoting Pope Pius XII, September 8, 1957 encyclical letter Miranda Prorsus, the Pastoral Instruction on the Means of Social Communication Communio et Progressio, published in 1971, underlined that point: "The Church sees these media as 'gifts of God' which, in accordance with his providential design, unite men in brotherhood and so help them to cooperate with His plan for their salvation". This remains our view and it is the view we take of the Internet.

As the Church understands it, the history of human communication is something like a long journey, bringing humanity "from the pride-driven project of Babel and the collapse into confusion and mutual incomprehension to which it gave rise (cf. Gen 11:1-9), to Pentecost and the gift of tongues: a restoration of communication, centered on Jesus, through the action of the Holy Spirit". In the life, death, and resurrection of Christ, "communication among men found its highest ideal and supreme example in God who had become man/woman and brother/sister".

**Understanding of Ethics:**

Ethics has to do with good and bad, with right and wrong. It is essential to note that ethics is more than some types of behavior. While it is based on moral rules that influence individual and collective behavior, it is linked with theoretical ethical justifications. The criteria of the ethical quality of a moral rule are its devotion to a predefined duty, the enhancement of utility and social consequences.

**Online Shopping:**

An online approach can be more effective for identifying and reaching online shoppers. Internet is fundamentally transforming the nature of the relationship that businesses have with consumers and the public. While e-commerce has witnessed extensive growth in recent years, consumers concerns regarding ethical issues surrounding online shopping also continue to increase. The vast majority of earlier research on this area is conceptual in nature and limited in scope by focusing on consumers' privacy issues.

Utilization of the internet has become one of the important online marketing channels and medium. Every business individual needs to focus on the customer's perception of improving the security, in order to maintain long term relationship. The customers depend on the internet for gathering the information as well as for purchases electronically and become loyal to the organization or a particular brand of the product they are interested in.

From a business point of view, e-commerce is not restricted to the purchase of a product; it includes communication platforms that a company may offer to its customers over network, from pre- purchase information to after-sale services and support. E-commerce has several cases led to a growth of markets in the direction of perfect markets of financial side. The implication of the internet as a market platform facilitates access to information and reduces barriers to access. Security and privacy is one of the major and important factors of online marketing. For a successful business relationship, security is usually considered as the critical component in the relationship marketing pattern.

**E-loyalty:**

Trust is an important condition of successful commercial transaction. It aims to recognize relevant factors of trust and create how these influence potential buyers' decisions to interact with sellers. Trust is of high significance in e-commerce as customers often have little knowledge of sellers and must deal with doubt, uncertainty and risks. Higher levels of trust lead to more commercial transactions. Strategies to maintain trust are effective in establishing positive frame of mind among consumers, while causes of negative events have a negative impact on consumer mind. Increased internet traffic and the complexity of companies in tracking the traffic have made privacy a vital issue in e-commerce. Trust makes consumers comfortable sharing personal information, making purchases and establishes customer loyalty. E-loyalty intention offers the dependence and identification of the products or services of a web site. E-loyalty is defined as the intention to make repurchase from the same web site.

**Conclusion:**

E-commerce has become an important part of everyday life for consumers during the twenty-first century. The variety of services in e-commerce has broadened in recent years and consumers have adopted those services as part of their everyday lives. An ethical issue such as consumer trust in e-commerce is an individual, local and social matter combined with the technological side. Consumers with horizontal individualism and with horizontal as well as vertical collectivism tend to hold higher awareness of e-seller's ethics.

**- Fr. Alok Toppo, DVK, Bengaluru**

## *O Death! Where is your sting?*

**Tribute to Rev. Fr. Mathew Thundiyil**

*Death strikes...*
*Though sure that it will;*
*It pains when it kills.*
*It kills and carries away.*
*The rest it shatters and scatters*
*To gather and slaughter later.*
*Life and death: the arch-rivals;*
*When the race ends, Death revels.*
*Life mothers death*
*Death smoothers its mother.*
*Life, the seed of Death*
*Grows and begets death*
*Death negates life and yet*
*It is not real, a lie,*
*Death lurks in darkness*
*Like shadow behind master,*
*Life unveils Death 'n' reveals*
*Her own grandure*
*To shame death in all her vanity.*

***Luke M.***
***St. Theresa's School,***
***Kosi Kalan (Mathura)***

# हम येसु के हृदय के समान अपना हृदय बनायें!

प्रिय मित्रों, जैसा कि हम पूरे वर्ष भर बहुत सारे त्योहार मनाते हैं और उन्हीं त्याहारों में से माता कलीसिया येसु के पवित्र हृदय का त्योहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाती है। पवित्र हृदय का त्योहार हमें येसु के हृदय के समान अपने हृदय को बनाकर उसे समर्पित करने का आह्वान करता है।

अगर हृदय शब्द पर विचार करें तो हृदय के प्रेम का चिन्ह है और जब हम प्रेम के विषय में बात करते हैं तो हृदय का ज़िक्र करते ही हैं। साधारण रूप से मनुष्य का हृदय सम्पूर्ण प्रेम से भरा नहीं होता है क्योंकि मनुष्य पूर्ण नहीं है और उसमें आध्यात्मिक तथा भावनात्मक त्रुटियां होती हैं। अगर वही प्रभु येसु के हृदय की बात करें तो उनका हृदय मनुष्य के हृदय के समान नहीं होता है। उनका हृदय दिव्य प्रेम तथा सर्वशक्ति सम्पन्न है। अब सवाल उठता है कि जब हमारा हृदय त्रुटियों से भरा हुआ है तो हम भला येसु के हृदय के समान अपने हृदय को कैसे बना सकते हैं? इस प्रश्न का उत्तर यही होगा कि हम ईश्वर की कृपा माँगकर सच्चे प्रेम के माध्यम से अपने हृदय को येसु के हृदय के समान बना सकते हैं। प्रभु येसु ने हमें एक नई आज्ञा दी है कि ''जिस प्रकार मैंने तुम लोगों को प्यार किया, उसी प्रकार तुम भी एक दूसरे को प्यार करो।'' (संत योहन 13:34) हाँ, वास्तव में जब हम प्रभु की आज्ञानुसार अपने मित्रों तथा शत्रुओं से येसु के समान सच्चा प्यार करते हैं तब हमारा हृदय प्रभु येसु के हृदय के समान, प्रभु येसु में, दूसरों के लिए धड़कने लगता है और इस प्रकार हमारा हृदय प्रभु येसु के हृदय के समान बन जाता है।

बाइबिल में संत योहन द्वारा रचित सुसमाचार अध्याय 19 पद संख्या 31 से लेकर 37 तक के खण्ड को ''हृदय का छेदन'' शीर्षक नाम दिया गया है, जिसमें हम पाते हैं कि ''एक सैनिक ने उनके (प्रभु येसु के) बगल में भाला मारा और उसमें से तुरंत रक्त और जल बह निकला।'' जब मैंने बाइबिल के इस वचन पर विचार किया तो मेरे अपने स्वचिंतन के अनुसार प्रभु के छिदे हृदय से निकला रक्त और जल एक नदी के समान लगा जो क्रूस पर से बहा था और आज भी हमारे लिए बहता रहता है। जब कभी भी मानव ने येसु के हृदय से गुहार लगायी है तब-तब रक्त और जल रूपी नदी मानव की ओर प्रभु के हृदय से बहने लगती है और मानव के सभी दु:ख-कष्ट तथा उनके जीवन की सारी शैतानी के हुकुमत का सर्वनाश कर एक नवीन प्राणी बना देता है और इस बात का साक्ष्य जो येसु के हृदय पर विश्वास करता है उससे बढ़कर कोई और नहीं दे सकता है।

हमारा हृदय बहुत सारे दागों से भरा हुआ है। कष्ट, पीड़ा आये दिन हृदय को जख्मी बना देते हैं। हद तो तब हो जाती है जब हमारे अपने तथा विश्वासी जिन्हें हम विश्वास करके अपना सब कुछ बताते हैं दगा देकर हमारे हृदयों को पहले से और पीड़ा दायक बना देता है। लेकिन मेरा यह विश्वास है कि और बहुत सारी आप बीती घटनाओं के विषय में करिश्माई प्रार्थनाओं में मैंने सुना है कि येसु के हृदय से प्रार्थना करने से हमारे सारे दाग मिट जाते हैं। पुन: प्रेम का संचार होने लगता है और हम एक सुंदर प्राणी बन कर ईश्वर के हृदय के दुलारे बन जाते हैं।

संत योहन अपने पहले पत्र अध्याय चार पद संख्या बीस में लिखते हैं कि ''यदि कोई यह कहता है कि मैं ईश्वर को प्यार करता हूँ और वह अपने भाई से बैर करता तो वह झूठा है। यदि वह अपने भाई को, जिसे वह देखता है, प्यार नहीं करता, तो वह ईश्वर को जिसे उसने कभी देखा नहीं, प्यार नहीं कर सकता।'' प्रिय मित्रों जब हम येसु की आज्ञानुसार दूसरों को प्यार करते हैं तब हमारा हृदय येसु के हृदय के समान बन जाता है। हृदय प्रेम का प्रतीक है। जब हम प्यार करते हैं तो येसु स्वयं हमारे हृदय को अपना समझकर बस जाते हैं क्योंकि येसु प्रेम ही है। प्रिय मित्रों, हमें हमेशा येसु के पवित्र हृदय से अपने तथा दूसरों को प्यार करने की शक्ति तथा हृदय की शुद्धता का वरदान माँगना चाहिए जिससे हमें येसु के हृदय में थोड़ी सी जगह मिल जाए और उनके हृदय में पूर्णता को प्राप्त कर सकें।

**— ब्रदर मितेश मार्टिन**
**सेंट लॉरेन्स सेमीनेरी, आगरा**

# और लिफ्ट रुक जाए...

जी हाँ... आपने सही पढ़ा है...क्या आपने कभी ऐसा अनुभव किया है, कि आप लिफ्ट में हों, और अचानक लिफ्ट चलते-चलते (दो मंजिलों के बीच में) रुक जाए... आपके पैरों तले जमीन नहीं सरकेगी, क्योंकि आप तो पहले ही धरती-आकाश के बीच (झूल रहे) हैं।

क्या आपके साथ ऐसा कभी हुआ है... भगवान न करे कि ऐसा कभी आपके या आपके किसी अज़ीज़ के साथ हो। वैसे मेरे साथ रोम (इटली) में दो बार ऐसा हो चुका है... हालाँकि यूरोप में बिजली कभी फेल नहीं होती। यदि बिजली विभाग को कुछ मरम्मत आदि के लिए बिजली सप्लाई बंद भी करनी पड़े, तो कई दिन पहले आपको समाचार पत्रों के माध्यम से सतर्क कर दिया जाता है।

फिलहाल मैं बात कर रहा हूँ, अपने आगरा की कुछ समय पहले की। देर शाम को हमारे सेंट एंथोनी कान्वेण्ट में सभी सिस्टर्स रात्रि भोज करके अपने-अपने बैरकों में जा चुकी थीं, सिस्टर क्लेमेण्टीन नीचे ही थीं। उन्होंने प्रथम तल पर बने अपने कमरे में जाने के लिए लिफ्ट का इस्तेमाल करने की सोची। लिफ्ट में वे अकेली थीं। लिफ्ट कुछ चलकर ग्राउण्ड और प्रथम तल के बीच रुक गई। सिस्टर बताती है, कि वे तनिक भी विचलित नहीं हुई... उन्हें इससे पहले भी इसी तरह फंस जाने का बड़ा अनुभव हासिल है। उन्होंने बिना समय गंवाए आपातकालीन अलार्म बजा दिया। अलार्म की आवाज सुनकर गेट कीपर मण्डल तुरन्त दौड़े आए लेकिन कर कुछ नहीं पाए। सिस्टर ने कहा, कि इसे खोलो... उसका जवाब था, कैसे और कहाँ से सिस्टर जी, मुझे पता नहीं। तब सिस्टर ने बताया, कि जाकर जेनरेटर चलाओ... बिजली आ जाएगी... लिफ्ट चलने लगेगी और ऐसा ही हुआ... सिस्टर की भविष्यवाणी शत प्रतिशत सही सिद्ध हुई।

लिफ्ट ने सिस्टर को ऊपर पहुँचा दिया... लेकिन जेनरेटर में आग लग गई, जिसे बाद में भाई मोज़ेस सैमुअल और टोरण्ट की टीम ने ठीक कर दिया। ऐसी घटनाएं तो किसी के साथ भी हो सकती है... बस हिम्मत मत हारिए। घबराइए मत।

